## खबर संक्षेप

### बी जयराम बने भाजपा संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक

**जगदलपुर।** बस्तर जिला आंध्र समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं



बालाजी मंदिर के ट्रस्टी बी. जयराम को भारतीय जनता पार्टी संस्कृति विभाग का प्रदेश सह-सयोजक नियुक्त किया गया है। वे सामाजिक, सांस्कृतिक और जनसेवा के कार्यों से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ यह दायित्व दिया है, उसके प्रति वे पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे और सांस्कृतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य जारी रखेंगे।

### बस्तर में उल्लास महापरीक्षा की तैयारी जोरों पर

**जगदलपुर।** जिला पंचायत शिक्षा समिति की बैठक के दौरान उल्लास साक्षरता महापरीक्षा की तैयारी सहित शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र आगामी 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली महापरीक्षा की तैयारियों पर रहा। बैठक में अवगत कराया गया कि बस्तर जिले में 7 दिसंबर को कुल 36 हजार परीक्षार्थी उल्लास केंद्र के माध्यम से इस महापरीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिसके लिए जिलेभर में 771 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। महापरीक्षा के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता से सभी परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक लाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे।

बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के सभापति बलदेव मंडावी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को उल्लास शपथ भी दिलाई गई।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में बोदे बाई को मिला पक्का मकान

**जगदलपुर।** जिले के लोहांडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत छिंदगांव की 49 वर्षीय बोदे बाई का जीवन वर्षों तक एक जीर्ण-शीर्ण, कच्चे कमरे में कठिनाइयों से भरा रहा। आर्थिक तंगी के कारण न तो वे घर की मरम्मत कर पाती थीं और न ही बीमारी के दिनों में दवाइयों का इंतजाम करना उनके लिए आसान था। जीवन की इन कठिन परिस्थितियों के बीच, उन्हें उम्मीद तब मिली जब ग्राम पंचायत के माध्यम से उन तक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी पहुंची। सूचना मिलते ही बोदे बाई ने बिना देर किए उत्साह के साथ आवेदन किया और जल्द ही उनका नाम दो कमरों वाले मकान की लाभार्थी सूची में शामिल हो गया। सरकार द्वारा निर्धारित एक लाख बीस हजार रुपए की सहायता राशि उन्हें चरणबद्ध रूप से मिली, जिसने उनके सपने को साकार करने की नींव रखी।

# नक्सल मुक्त इलाकों में वानिकी कार्य बना रोजगार का प्रमुख जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के वे सुदूर क्षेत्र चांदामेटा, मुण्डागढ़, छिन्दगुर और तुलसी डोंगरी जो कभी नक्सल गतिविधियों के गढ़ माने जाते थे, अब विकास और शांति का नया अध्याय लिख रहे हैं। जिन पहाड़ियों और जंगलों में कभी नक्सलियों की ट्रेनिंग हुआ करती थी, वहीं आज वन विभाग स्थानीय युवाओं को वानिकी कार्यों का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध करा रहा है।

इन इलाकों में लंबे समय तक नक्सलियों के प्रभाव तथा उनसे जुड़े लोगों द्वारा कानूनों की गलत व्याख्या ने ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से दूर रखा। शासन के प्रति अविश्वास का वातावरण बना दिया गया। लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। ग्रामीणों ने इन तत्वों की वास्तविक मंशा को समझ लिया है और अब वे दूसरों की लड़ाई में अपना समय और

## हिंसा की पहचान रहे ये इलाके आज शांति, आजीविका और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे



### बांस वन प्रबंधन से आर्थिक लाभ

ग्राम मुण्डागढ़ के समीप स्थित बांस वनों का इस वर्ष वैज्ञानिक तरीके से वन-उपचार किया गया है। ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे इस कार्य से लगभग 20 लाख रुपये का तत्काल रोजगार सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचेगा। आने वाले तीन वर्षों में लगभग 01 करोड़ 37 लाख रुपये के अतिरिक्त रोजगार की संभावना है। इस क्षेत्र से प्राप्त 566 नोशनल टन बांस के उत्पादन का शत-प्रतिशत लाभांश वन प्रबंधन समिति के माध्यम से ग्रामीण विकास में ही खर्च किया जाएगा।

भविष्य गंवाने को तैयार नहीं हैं। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार किए जा रहे संवाद, जागरूकता और विश्वास निर्माण ने ग्रामीणों का नजरिया बदला है। स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों को उनके ही गांव के आसपास वानिकी कार्यों में रोजगार देकर न सिर्फ उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत की जा रही है, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाया जा रहा है। वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता ने कहा कि एक समय भय और हिंसा की पहचान रहे ये इलाके आज शांति, आजीविका और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। वानिकी कार्यों के माध्यम से जल, जंगल एवं जमीन का संरक्षण करते हुए ग्रामीणों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराई जा रही है। बस्तर के नक्सल मुक्त गांव अब साबित कर रहे हैं कि जब विश्वास और विकास साथ आते हैं, तो परिस्थितियाँ बदलना केवल समय की बात होगी।

## कलेक्टर ने किया सान देवड़ा धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण

# धान खरीदी प्रक्रिया में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : हरिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने शुक्रवार को बकावंड विकासखंड के सान देवड़ा स्थित धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण कर वहां की

- व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान भंडारण प्रक्रिया, समितियों से प्राप्त हो रहे धान के प्रबंधन और सुरक्षा संबंधी तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर ने विशेष रूप से संग्रहण केन्द्र में विभिन्न समितियों से आने वाले धान के उचित रखरखाव हेतु शासन के निर्देशानुसार स्टैगिंग, धान की गुणवत्ता जांच, ड्रेनेज की व्यवस्था, चबूतरा, और तिरपाल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम से धान को बचाने के लिए तिरपाल और उचित ड्रेनेज का प्रबंध सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने केंद्र में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित सभी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर के इस सक्रिय निरीक्षण से संग्रहण केंद्र पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया गया है, जिससे आने वाले दिनों में धान खरीदी का कार्य और भी सुचारु रूप से चल सके।



**किसान हित सर्वोपरि:** कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि धान खरीदी और भंडारण से जुड़ी किसी भी गतिविधि में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान हित सर्वोपरि है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते और पूर्ण सावधानी के साथ सुनिश्चित की जाए।

# अवैध अतिक्रमण हटाने मुक्ति मोर्चा ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष के नेतृत्व में आज ग्रामीणों के साथ पदाधिकारी एवं कार्यकतार्ओं का समूह कलेक्ट्रेट पहुंचा। कलेक्टर से मुलाकात कर पखनागुड़ा स्थित

- उचित कार्रवाई के अभाव में कार्यालय का घेराव किया जाएगा

फ्रेजरपुर तहसील जगदलपुर द्वारा जारी बेदखली आदेश के संदर्भ में नकटी सेमरा स्थित बड़ेझाड़ के जंगल के मद की भूमि जो 0.57 हेक्टेयर है को गणेश नागवंशी एवं बाहरी व्यक्ति द्वारा कब्जा किए जाने के विषय में अवगत कराया एवं ज्ञापन सौंपा।

नवनीत चांद एवं जगदलपुर विधानसभा अध्यक्ष मेहताब सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि बस्तर में भोले भाले ग्रामीण आदिवासियों की जमीन को षडयंत्र पूर्वक कब्जा किया जा रहा है। गरीबों को पूंजीपति, ताकतवर, दलाल और लालची लोग मिलकर शिकार बना रहे हैं यह बिल्कुल नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि इस विषय में शीघ्र जांच कर अवैध कब्जा हटाया जाए एवं धारा 1959 की धारा 248 के तहत इस मामले में दंडनीय अपराध दर्ज किया जाए। अगर समय पर कार्यवाही नहीं होगी तो ग्रामीणों के साथ सड़क में उतरेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रिया, विधानसभा महामंत्री सुरेश नाग, विधानसभा उपाध्यक्ष आकाश जॉन, महिला मोर्चा विधानसभा उपाध्यक्ष निहारिका सिंग, युवा विंग अध्यक्ष हिमांशु आनंद, बस्तर जिला प्रवक्ता अलका नादान उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास निर्माण में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार के दो साल के पूरे होने के कार्यकाल को संकल्पों की सिद्धि और उपलब्धियों का प्रामाणिक दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा

- 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर

कि प्रदेश के हर गरीब के सिर पर पक्की छत का जो संकल्प भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में व्यक्त किया था, वह गारंटी पूरी करके प्रदेश सरकार ने विश्वसनीयता अर्जित की है। उन्होंने दो साल के महत्वपूर्ण निर्णयों एवं उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र कर बताया कि प्रदेश में सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर मोदी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में योजना शुरू होने से अब तक 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं। जिससे छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्के आवास से लाभान्वित किया जा रहा है। जिसके तहत अभी तक कुल 33,217 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। देव ने कहा कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत किए गए है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा कैंप की 10 कि.मी. की परिधि में आने वाले गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत 327 गांवों में 13,788 घरों और शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 1.32 लाख आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र 4500 से अधिक ग्राम पंचायतों में पीएमएवाय-जी के हितग्राहियों की किश्तों का आहरण आसान हुआ है।



# परदेसीन माता मंदिर में लक्ष्मी जगार 9 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर के अंबेडकर और रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड के मध्य स्थित परदेसीन माता मंदिर समिति द्वारा नगर में आठवीं बार लक्ष्मी जगार आयोजित किया जा रहा है। इस संदर्भ में गुरुवार को वार्ड वासियों की बैठक मंदिर परिसर में संपन्न हुए। दोनों वार्ड के लोगों ने माता लक्ष्मी को समर्पित 13 दिवसीय अनुष्ठान में तन-मन- धन से सहयोग करने की बात कही। बताया गया कि 9 दिसंबर को गुरू माता परघाव, 10 को लक्ष्मी जगार, कलश स्थापना एवं यशो लक्ष्मी पूजा, 11 को विद्या लक्ष्मी पूजा, 12 को धैर्य लक्ष्मी पूजा, 13 को धन लक्ष्मी पूजा, 14 को संतान लक्ष्मी पूजा, परदेशीन माता विवाह, 15 को गजलक्ष्मी पूजा, परदेशीन माता मंदिर उद्घाटन, 16 को वीरा लक्ष्मी पूजा, 17 को मोक्ष लक्ष्मी पूजा, 18 को सौम्य लक्ष्मी पूजा जया लक्ष्मी पूजा एवं लक्ष्मी विवाह, 19 को कलश विसर्जन और 21 दिसंबर को देवियों और गुरुमाय को विदाई दी जाएगी। इस अनुष्ठान के संयोजक गोलु बघेल (सिरहा) औरअर्जुन दास (पुजारी) हैं।





# वन अधिकार पट्टा से धान बेचने में वंचित हो रहे किसान : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर किसानों की स्थिति को चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सैकड़ों किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपने वन अधिकार पट्टा के आधार पर केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) ऋण लिया है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था के चलते उन्हें धान बेचने की अनुमति नहीं मिल पा रही है। सरकार द्वारा वन अधिकार पट्टा धारक किसानों को धान खरीद प्रक्रिया से बाहर कर देना उन किसानों के लिए समस्या का कारण बन गया है। उन्होंने कहा कि किसान मेहनत कर धान का उत्पादन करते हैं और वही उनकी आय का प्रमुख साधन भी है। ऐसे में यदि धान खरीद नहीं होगी, तो किसान अपने केसीसी ऋण कैसे चुका पाएंगे। उन्होंने कहा यह स्थिति किसानों पर दोहरा भार डाल रही है। एक तरफ खेती में बढ़ते खर्चों का दबाव, और दूसरी तरफ धान बेचने पर रोक के कारण आर्थिक संकट। इस वर्ष एग्रीटेक पोर्टल, आधार ओटीपी सत्यापन, और अन्य तकनीकी बाधाओं ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या है, ऊपर से डिजिटल सत्यापन की अनिवार्यता ने सैकड़ों किसानों को पंजीयन और धान विक्रय से वंचित कर दिया है। कई किसान बार-बार सेवा केंद्रों और धान खरीदी केंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन तकनीकी गड़बड़ियों के कारण उनका पंजीयन पूरा नहीं हो पा रहा है।



एजेंसी दिया गया
सूरज जायसवाल को बचेली का हरिभूमि एजेंसी दिया गया।
समाचार पत्र और विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मो: 9425594584, 9131893124
ब्यूरो कार्यालय, हरिभूमि जगदलपुर

एजेंसी देनी है
आड़ावाल जगदलपुर में हरिभूमि न्यूज एजेंसी देनी है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क करें
हरिभूमि
संभागीय कार्यालय जगदलपुर
पूनम हॉटल, प्रतापगंज पारा
मोबाईल नंबर
91318-93124
फोन नंबर
07782-314471

# 60 से अधिक पशुओं का हुआ निशुल्क टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र और शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय समन्वित शुष्क कृषि अनुसंधान परियोजना के तहत पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से ग्राम बड़े मारेंगा और तेली मारेंगा में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह पशु टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धति आधारित पशुपालन की बारीकियों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने पशुओं में होने वाली प्रमुख बीमारियों, उनके लक्षण, उपचार और सबसे महत्वपूर्ण, नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को टीकाकरण का महत्व समझाते हुए उनके पशुओं के मोबालाइजेशन में सहयोग किया, जिससे अधिकाधिक पशुपालक इस सुविधा का लाभ उठा सकें। इस पहल के परिणामस्वरूप पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से 60 से अधिक पशुओं का नि:शुल्क टीकाकरण किया गया।



# कलेक्टर से मिला पेंशनर्स महासंघ प्रतिनिधि मंडल

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल आज संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी के नेतृत्व में कलेक्टर हरीश एस से भेंट करने पहुंचा। आगामी 13 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जगदलपुर आगमन के दौरान मिलने की अनुमति के लिए प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को निवेदन पत्र सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) के कारण 25 वर्षों से दोनों राज्यों के लाखों पेंशनर महंगाई राहत के मामले में लगातार हानि झेल रहे हैं। इस बाध्यता को विलोपित कराने की मांग सीधे केंद्रीय गृहमंत्री के समक्ष रखने का उद्देश्य बताया गया।

प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि इस ज्वलंत समस्या से गृह मंत्री को अवगत कराना आवश्यक है।

कलेक्टर ने कार्यक्रम के विस्तृत विवरण का परीक्षण कर प्रोटोकॉल अनुसार आवश्यक अनुमति दिए जाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल ने जिला कोषालय में डिजिटल प्रमाण-पत्र वितरण कार्य को गति देने हेतु कलेक्टर का अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान विमल पांडे, एसडी माझी एवं एलएस नाग उपस्थित रहे।



# टाउन हॉल और क्रिकेट बाक्स यूनिट का काम जल्द पूरा करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में जारी निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय का

- निर्माण कार्यों का अवलोकन करने पहुंचे महापौर

विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। साथ ही कहा टाउन हॉल शहर की सांस्कृतिक पहचान है, नगर निगम इसे नए स्वरूप में विकसित कर रहा हैं ताकि शहर वासी बेहतर सुविधाओं के साथ इस सभागार का उपयोग कर सकें। हमारा प्रयास है कि मरम्मत कार्य जल्द पूरा हो और यह स्थल फिर से शहर की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बने। इसके बाद वे क्रिकेट बॉक्स यूनिट निर्माण कार्य स्थल का जायजा लिया। कुछ दिन पूर्व इस कार्य का भूमिपूजन विधायक किरण सिंह देव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया था। डीएमएफटी मद अंतर्गत नगर निगम में क्रिकेट बॉक्स यूनिट निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी लागत 20 लाख रुपये है। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि निर्माण से स्थानीय युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और अभ्यास की सुविधा मिलेगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा।



### गंगामुंडा तालाब का लिया जायजा

महापौर नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा के साथ गंगामुंडा तालाब पहुंचे। यहां चल रहे सफाई एवं स्वच्छता कार्यों का जायजा लिया। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि सफाई कार्यों में तेजी लाई जाए तथा जल संरक्षण के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है और निर्धारित समय-सीमा में तालाब की सफाई कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411